तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026


12 सेजेस परीक्षा केंद्र में कक्षा 12वीं इतिहास का मूल्यांकन कार्य संपन्न


10 औराटोला जिले का पहला 'लखपति ग्राम' 65 ...



## खबर संक्षेप

### आदिवासी कन्या आश्रम कुसुमकसा का औचक निरीक्षण

**कुसुमकसा।** जिले के कुसुमकसा स्थित आदिवासी कन्या आश्रम का जिला पंचायत बालोद की महिला एवं बाल विकास सभापति चुन्नी मानकर तथा जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने सुबह लगभग 8 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम परिसर में बालिकाओं को काली मिट्टी ले जाने का कार्य करते हुए पाया गया। जनप्रतिनिधियों ने जब बालिकाओं से इस कार्य के संबंध में जानकारी ली तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं। वहीं परीक्षा के संबंध में पूछने पर बालिकाओं ने बताया कि सुबह 9 बजे उनका पेपर है। इस पर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और परीक्षा के दिन उनसे इस प्रकार का कार्य कराना अनुचित है। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बालिकाओं से आश्रम में मिलने वाले भोजन, मध्यान्ह भोजन, शिक्षा व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने शयनकक्ष में गर्मी लगने की समस्या भी बताई, जिस पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुसुमकसा की सरपंच वेदबाई पिस्दा, जनपद सदस्य मंजू संजय बैस, उपसरपंच नितिन जैन, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार, पंच पंकज जेठवानी, आश्रम अधीक्षिका एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### दो पक्षों में गाली-गलौज और मारपीट, काउंटर केस दर्ज

**बालोद।** नए मकान में पानी तराई करने को लेकर दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तमोरा थाना रनचिरई निवासी शिव कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. ईतवारी विश्वकर्मा 53 वर्ष ने पुलिस को बताया कि रात्रि मे पडोसी होम बहादूर अपने निर्माणाधीन मकान के छत में पानी तराई कर रहा था, जिसका पानी मेरे घर व मेरे गली में गिर रहा था, मैने उससे कहा पानी ईधर ज्यादा मत गिराओ, हमारे घर व गली में कीचड होता है, इस पर होम बहादूर अपने निर्माणाधीन मकान से नीचे उतर कर आया और तेरा हमेशा का नाटक है जब मैं अपने निर्माणाधीन मकान में पानी डालता हूं तब तु मना करता है, कहकर गाली गलौज देने लगा, तब मैने गाली गलौज देने से मना किया तो होम बहादूर हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट किया एवं उसकी मां उर्मिला बाई अपने हाथ में रखे डण्डे से मेरे सिर के पीछे और आंख के पास मारकर चोट पहुंचाये है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम तमोरा निवासी होम बहादूर शेष पेज 10 पर

# विधायक संगीता के हस्तक्षेप से स्व सहायता समूहों को मिली 35 लाख की बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कर्ज में डूबे, परेशान स्व सहायता समूह की महिलाओ के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। उन्हे चार माह की बकाया राशि 35 लाख रुपए विधायक संगीता सिन्हा के हस्तक्षेप के बाद प्राप्त हुई है। उसके बाद विकासखण्ड की महिलाएं विधायक का आभार व्यक्त करने उनके कार्यालय पहुंची।

- उधार लेकर राशन सप्लाई कर रही थीं महिलाएं, भुगतान के बाद मिली राहत

पूरा मामला आंगनबाड़ी केन्द्रो में दिए जाने वाले सूखा राशन एवं गर्भवती माताओ के लिए दिए जाने वाले राशन से जुड़ा है। विकासखण्ड के चिन्हांकित स्व सहायता समूहो द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में सूखा राशन एवं गर्भवती माताओ के लिए राशन की आपूर्ति की जाती है। अलग अलग समूहो द्वारा निर्धारित सेक्टरो के आंगनबाड़ी केन्द्रो में राशन आपूर्ति की जा रही है।

इन आपूर्तिकर्ता समूहो को माह दिसंबर 2025 से भुगतान नही मिल रहा था। समूह उधार लेकर सामग्री आपूर्ति कर रही थी। लगातार चार माह से भुगतान नही मिलने के कारण समूहो की माली हालत बेहद खराब हो गई थी। दुकानदार उधार में समान देने तैयार नही थे। समूह कर्ज लेकर राशन की आपूर्ति करने का प्रयास कर रही थी। समूह कार्य छोड़ने की मानसिकता में आ गए थे। सोरर सेक्टर में आपूर्ति करने वाले समूह शेष पेज 10 पर

## महिलाओं के चेहरों पर लौटी मुस्कान

### कार्य छोड़ने की कगार पर पहुंच गए थे : दीपा साहू

अरमरीकला सेक्टर की आपूर्तिकर्ता समूह की अध्यक्ष दीपा साहू एवं गुरूर व बड़भूम सेक्टर में आपूर्तिककर्ता समूह अध्यक्ष दिने"वरी साहू ने कहा हम पूरी तरह कर्ज में डूब चूके थे, कार्य छोड़ने के कगार पर पहुंच गए थे। हमे कोई सामान देने को तैयार नही हो रहा था। विधायक संगीता सिन्हा के प्रयास से हमे सभी समूहो को मिलाकर चार माह का बकाया राशि लगभग 35 लाख रूपये प्राप्त हो गई है। हम अपना कर्ज का भुगतान भी कर रहे है।



### सहयोग से हल हुआ

ममता निशाद, आशा साहू, दीपा साहू, दिनेश्वरी साहू ने कहा हमारी बहुत बड़ी समस्या विधायक संगीता सिन्हा के सहयोग से हल हुआ है, हम सभी उनका आभार व्यक्त करने आए है, इन महिलाओं ने इस दौरान विधायक को बताया कि 2023 में हमने बच्चो के लिए अंडा की आपूर्ति आंगनबाड़ी केन्द्रो में की थी, उसकी 2.72 लाख रूपये भुगतान अब तक नही हुआ है। उसे भी दिलवाने में हमारी सहायता करे।

## हादसा : 20 यात्रियों से भरी बस पुल से उतरी, ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित निकाले गए यात्री

# अज्ञात ट्रक से भिड़ंत के बाद ओवर ब्रिज से गिरी बस, यात्री सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 मुख्य मार्ग में आवास पारा कुसुमकसा के समीप रेलवे ओवरब्रिज पर गुरुवार दोपहर लगभग 4 बजे बालोद से कुसुमकसा की ओर जा रही दुर्ग ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 07 ई 1129 अनियंत्रित होकर पुल के किनारे लगे पोल को क्षतिग्रस्त करते हुए ओवरब्रिज से नीचे उतर गई।

बस रेलवे की नाली और लोकेशन बॉक्स में फंसकर रुक गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने बताया कि बस की किसी ट्रक से भिड़ंत के बाद चालक नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर नीचे उतर गई। बस में लगभग 20 यात्री सवार थे, जिनमें से कुछ को मामूली चोट लगने की जानकारी मिली है। घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।



### रेलवे अमला भी मौके पर पहुंचा

ग्रामीणों की मदद से बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और वे अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राजहरा संतोष भुआर्य सदलबल घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई। रेलवे विभाग का अमला भी मौके पर पहुंचा, हालांकि घटना से रेलवे को हुए नुकसान का आकलन समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाया था। दुर्घटनाग्रस्त बस को बाहर निकालने के लिए हाइड्रा और चेन माउंटेन की सहायता से प्रयास किया जा रहा था।

### ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से की मांग

घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। ग्रामीणों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य किया गया, लेकिन रेलवे ओवरब्रिज पुराना और संकरा ही रह गया है। पुल के दोनों ओर सड़क चौड़ी होने और ओवरब्रिज संकरा होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय सड़क परिवहन विभाग से मांग की है कि रेलवे ओवरब्रिज का चौड़ीकरण कर नया पुल बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# उर्वरक विक्रय केंद्रों में अनियमितता पर कृषि विभाग की कार्रवाई

## दो दिन में 10 विक्रेताओं पर गिरी गाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं पर्याप्त मात्र में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिले में संचालित उर्वरक विक्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान पी ओ ए स . म शी न , भौतिक स्कंध एवं कृषकों को वितरित उर्वरक मात्रा का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इस दौरान छः विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की गई। एक दिन पुर्व भी चार उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ कृषि विभाग ने उर्वरक के भण्डारण एवं वितरण में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की गई थी। इसमें एक सेवा सहकारी समिति के उपर भी कार्यवाही की गाज गिरी है।

- भंडारण और वितरण में अनियमितता पर नोटिस जारी

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिले के टेसू कृषि केन्द्र गुरूर, सुरेश ट्रेडर्स गुरूर, सोनकर कृषि केन्द्र डौंडीलोहारा, सोनवानी कृषि केन्द्र



जेवरतला, सेवा सहकारी समिति नवागांव (अहि.) में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता पाई गई। संबंधितो को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं बाफना कृषि केन्द्र, अछोली को विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। दो दिन मे दस उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि कृषकों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण लगातार चलता रहेगा एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार से अनियमितता शेष पेज 10 पर

# नीर चेतना अभियान के तहत जल संरक्षण रैली और जागरूकता कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नीर चेतना अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रा में ग्रामीण सहभागिता और जल संरक्षण के संदेश के सांथ रैली निकाली गई व सभा का आयोजन किया गया।

- सोकपिट निर्माण में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम मे जल संरक्षण करने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने संकल्प ग्रामीणो ने लिया। ग्राम पंचायत दर्रा में छत्तीसगढ़ शासन के नीर चेतना अभियान के तहत ग्रामीणों में जल संरक्षण एवं उसमे जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे के निर्देशन में यह अभियान ग्राम के नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का एक सफल प्रयास रहा। सोकपिट निर्माण के तहत ग्राम पंचायत दर्रा स्थित प्राथमिक शाला दर्रा और भागवत पिता गजराज के निवास स्थान पर श्रमदान के माध्यम से सोकपिट का निर्माण किया गया। इसमें ग्रामवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण में मदद मिली। नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूकता के तहत जय मॉ लक्ष्मी महिला समूह द्वारा जल संचय और जल संरक्षण के महत्व को समझाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और व्यवहारिक समझ विकसित की गई।

रैली और मानव श्रृंखला के तहत महिला समूह और ग्रामीणों द्वारा गांव के पारा मोहल्ला में जल संरक्षण पर रैली आयोजित की गई। रैली के शेष पेज 10 पर

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगाया बालोद में स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम भारत एवं मारुती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानिटोला बालोद के बीएससी. नर्सिंग छात्रें द्वारा टुगेदर फॉर हैल्थ स्टैण्ड वीथ सांईस थीम के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम कॉलेज परिसर में सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पताल बालोद एवं शहीद अस्पताल दल्लीराजहरा जिला बालोद शिविर में समस्त कर्मचारियों के ब्लड ग्लूकोज रक्त शर्करा एवं ब्लड प्रेशर रक्तचाप की जांच की गई। साथ ही छात्रें द्वारा डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन उच्च रक्तचाप से संबंधित संतुलित आहार डाइट प्लान भी तैयार कर प्रदर्शित किया गया, जिससे लोगों को सही खान–पान के प्रति जागरूक किया जा सके। शेष पेज 10 पर

- स्वास्थ्य जांच और आहार पर जोर

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# ऑपरेशन मुस्कान और तलाश की समीक्षा बैठक में गुमशुदा बच्चों की शीघ्र बरामदगी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के संबंध में थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गुमशुदा बालक–बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी पर विशेष जोर, साइबर सेल की तकनीकी सहायता से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

- सावधानी, संवेदनशीलता और तत्परता पर जोर



समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में दर्ज गुमशुदगी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने विशेष रूप से गुमशुदा बालक–बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार साइबर सेल की तकनीकी सहायता लेकर गुम व्यक्तियों का पता लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को प्रकरणों में गंभीरता, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप बनाए रखने की हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के तहत अधिक से अधिक गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, डीएसपी माया शर्मा रक्षित निरीक्षक शेष पेज 10 पर



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
संपर्क
8085026287, 8370049468

## खबर संक्षेप



### डौण्डीलोहारा में सरपंच संघ की बैठक

**बालोद/ देवरी।** डौण्डीलोहारा मेसर पर्सन की बैठक संपन्न हुआ। बैठक डौण्डी लोहारा की नए सभागार में सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पलता बघेल द्वारा रखा गया, जिसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमे प्रमुख रूप से कहा गया कि सरपंचों का मानदेय बढ़ाया जाए, स्वच्छाग्राहियो को 15 वित्त से सालाना 60000 की राशि देने से छोटे ग्राम पंचायतों को विकास में परेशानी हो रही है, ग्राम की जनसंख्या के अनुरुप उसे कम किया जाए। कुछ प्रेस रिपोर्टरो द्वारा सरपंचों को दबाव पूर्वक पैसे माँगना और बिल भेजना, पंचायतों में सरपंचों को परेशान करने की नियत से सूचना का अधिकार लगाना जैसी समस्या पर भी चर्चा की गई, कहा गया कि आजकल पंचायत के सभी कार्य ऑनलाइन है और पंचायतों में राशि 1 वर्ष बाद प्राप्त हुआ है। सभी पंचायतों को डीएमएफ के दायरे में जोड़ना, जर्जर पंचायतों को शीघ्र निर्माण हेतु प्रशासन का ध्यान केंद्रित करवाना जैसे अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

### भालूकोन्हा स्कूल में कक्षा 5वीं के छात्रों को दी गई विदाई



**डौंडीलोहारा।** मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम भालूकोन्हा लो. ग्राम के शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा 5 वीं में अध्यनरत बच्चों को शाला परिवार की ओर से विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सत्र 2026-27 भर्ती हेतु आयोजित नवोदय परीक्षा में चयनित शाला के गौरव छात्र निहाल कुमेटी के पिता तरुण कुमेटी द्वारा न्योता भोज शाला के बच्चों को प्रदाय किया गया, शाला परिवार द्वारा नवोदय चयनित छात्र का सम्मान शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया गया किया गया, विदाई कार्यक्रम में कक्षा 5वीं के छात्रों द्वारा बारी बारी से अपने शाला में बिताये हुए पल को यादकर सबको बताया साथ ही अपने छोटे सहपाठियों को अच्छे से पढ़ने हेतु शुभकामनायें प्रेषित किये। शाला प्रबंधन के सदस्यों ने नवोदय चयनित बच्चे के साथ ही अन्य बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा शाला का नाम रोशन करने हेतु शुभकामनायें दिया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के प्रधान पाठक गजेन्द्र कुमार खरे ,राजेश पांडे (सहायक शिक्षक),शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सियाराम दुग्गा ,लीलाधर देहारी ,कमलेश्वर ठाकुर, पुनुराम, हेमराज कुमेटी एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**भिलाई।** कैंप-2 छावनी क्षेत्र स्थित शारदा तालाब में एक युवक के डूबने से मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना कंट्रोल रूम दुर्ग को मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। करीब 18 घंटे की मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह करबी 9 बजे एसडीआरएफ टीम द्वारा शव को बाहर निकाला गया। युवक का शवकुंभी में फंसा हुआ था।जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को सूचना पर एसडीआरएफ दुर्ग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

---

**पहल**

**बहुआयामी आजीविका स्त्रोत अपनाकर महिलाओं ने कमाई बढ़ाई**

# औराटोला जिले का पहला 'लखपति ग्राम' 65 महिलाएं बन चुकी हैं लखपति दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत जिले में 20 हजार 982 लखपति दीदी बनायी गई है। विकासखंड डौंडी के ग्राम औराटोला के कुल 65 परिवार के 65 सदस्य लखपति दीदी बनी है। उक्तानुसार प्राप्त ग्राम सभा के प्रस्ताव अनुसार ग्राम औराटोला को लखपति ग्राम बनाई गई है। यथाशीघ्र राज्य स्तर से भी ग्राम औराटोला को लखपति ग्राम घोषित करने कार्यवाही की जाएगी।

लखपति ग्राम का लक्ष्य केवल गरीबी रेखा से बाहर निकलना नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवारों को 'लखपति दीदी' के रूप में विकसित करके उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। जिसके तहत बहुआयामी आजीविका स्त्रेत को प्राथमिकता दी गई, एक परिवार केवल एक स्त्रेत पर निर्भर रहकर लखपति नहीं बन सकता। इसके लिए 03–04 विभिन्न आय के स्त्रोतों को अपनाया गया है।

इसके अंतर्गत उन्नत कृषि के सांथ बेमौसमी सब्जियां, नकदी फसलें और जैविक खेत, पशुपालन अंतर्गत डेयरी, बकरी पालन, मुगएँ पालन या मत्स्य पालन, गैर कृषि उद्यम अंतर्गत मशरूम उत्पादन, सिलाई या छोटे ग्रामीण उद्योग,







कौशल विकास अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत तकनीकी प्रशिक्षण शामिल है।

डौंडी विकासखंड का औराटोला गांव जिले का प्रथम 'लखपति ग्राम' बनकर उभरा है। यहाँ की महिलाओं ने पारंपरिक खेती के साथ सब्जियां उगाना, उन्नत नस्ल के पशु रख वैज्ञानिक तरीके से देखरेख करना जैसे कार्य कर रही है। गांव में उन महिलाओं का समूह बनाया गया जो अन्य महिलाओं को भी आर्थिक नियोजन सिखाती हैं।

कुमेश्वरी मसिया ने बताया कि उसने मत्स्य विभाग से मत्स्य पालन का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने ऋण लिया और तालाब मे मछलियों के बीज डाले। साथ में पैतृक भूमि 20 डिसमिल में सब्जी बाड़ी का कार्य प्रारंभ किया। आज कुमेश्वरी साल में दो बार मछली बेचती हैं और सब्जी बेचकर एवं खर्च काटकर उनकी वार्षिक शुद्ध आय 01 लाख 17 हजार रूपये तक पहुंच गई है। अटल महिला स्व–सहायता समूह के अध्यक्ष लाकेश्वरी दीदी बताती है कि समूह के 10 सदस्यों ने फाईल पैड बनाने का प्रशिक्षण लिया, और बिहान के माध्यम से ऋण लेकर एक छोटी यूनिट स्थापित किया, प्रत्येक माह सभी सदस्य 07 से 08 हजार रूपये आय अर्जित कर रही है। प्रेरणा स्व–सहायता समूह की लोकेश्वरी साहू ने पशु पालन हेतु ' प्रशिक्षण लिया और ऋण लेकर दो उन्नत नस्ल की जर्सी गायें खरीदीं। उन्होंने पारंपरिक चारे के बजाय 'अजोला' और संतुलित पशु आहार दिया। साथ मे सिलाई मशीन का प्रशिक्षण लेकर सिलाई कार्य प्रारंभ की, कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद से मशरूम का प्रशिक्षण प्राप्त कर मशरूम उत्पादन प्रारंभ किया, प्रति दिन 10–15 कि.ग्रा. मशरूम उत्पादन कर विक्रय कर रही है। लोकेश्वरी साहू ने बताया बचे हुए दूध से खोवा और पनीर बनाना भी सीखा, जिससे मुनाफा दोगुना हो गया। जिससे वे साल इन कार्यों एवं अन्य कृषि कार्यो से 02 लाख 60 हजार रूपये से अधिक कमा रही हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि बिहान टीम के साथ इस लखपति पहल की मुहिम को जिले में पूरी सक्रियता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे मुख्यतः संभावित लखपति दीदी के वर्तमान आय, आंकलन एवं अभिसरण के माध्यम से आवश्यक वित्तीय एवं तकनीकी हस्तक्षेप पर फोकस किया गया है। प्रत्येक परिवार हेतु कार्य योजना तैयार कर माइक्रो लेवल पर इसके क्रियान्वयन एवं मैन्युअल तथा डिजिटल मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। अभी तक जिले में 26 हजार लक्ष्य के विरूद्ध 20 हजार 982 दीदीयों को लखपति श्रेणी में लाया जा चुका है। लखपति दीदी पहल के क्रियान्वयन में इस विषय पर विशेष ध्यान दिया गया है कि उनके वर्तमान आय स्त्रेत को ही विकसित किया जाना है।

---

## कुसुमकसा आदिवासी छात्रावास में गर्मी से बच्चे परेशान कूलर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ सरपंच-उपसरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में संचालित आदिवासी कन्या आश्रम एवं प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों को गर्मी के दिनों में हो रही परेशानी को लेकर सरपंच वेदबाई पिस्दा एवं उपसरपंच नितिन जैन ने कलेक्टर बालोद एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा के नाम ज्ञापन सौंपकर कूलर लगाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि कन्या आश्रम के शयन कक्षों में पंखे चलने के बाद भी पर्याप्त ठंडक नहीं मिल रही है, जिससे छात्राओं को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों ने बताया कि शयन कक्षों में एक-एक बेड पर दो-दो बच्चों को सोना पड़ता है, जिससे गर्मी और अधिक बढ़ जाती है। सरपंच वेदबाई पिस्दा ने बताया कि छात्रावास के तीन शयन कक्षों की छत पर प्रोफाइल शीट लगी हुई है, जो तेज धूप में गर्म होकर पूरे कमरे का तापमान बढ़ा देती है। इससे बच्चों को रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।

उपसरपंच नितिन जैन ने बताया कि कन्या आश्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक की 119 छात्राएं आवासीय सुविधा के साथ अध्ययन कर रही हैं। बढ़ती गर्मी के कारण पंखे चलने के बावजूद पर्याप्त हवा नहीं मिल रही है, जिससे बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। सरपंच एवं उपसरपंच ने बच्चों की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द कूलर लगाने की मांग की है, ताकि छात्र-छात्राओं को गर्मी से राहत मिल सके और वे बेहतर वातावरण में अध्ययन कर सकें।

---

**187 वाहन चालकों से 20 लाख रुपए का जुर्माना वसूला**

## बालोद पुलिस का हेलमेट संकल्प अभियान एक सप्ताह में 52 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पुलिस द्वारा विगत एक सप्ताह से हेलमेट संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे बताया जा रहा है कि हेलमेट पहनने से सिर की सुरक्षाहोती है, घर से निकलते समय हेलमेट का विशेष ध्यान रखे। विगत एक सप्ताह में बालोद शहर के अंदर नो पार्किंग में खड़े किए 52 वाहनों पर यातायात का ताला लगा।शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध विगत तीन माह में सख्ती से अभियान चलाकर 187 वाहन चालकों पर 19,80,500 रूपये की कार्यवाही किया गया।

यातायात बालोद एवं सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा हेलमेट संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है, प्रायः देखा गया है कि एक्सीडेंट के अधिकतर मामलो में दोपहिया वाहन चालकों को सिर में चोट लगने से घातक नुकसान होता है। हेलमेट पहनने से शरीर के सबसे नाजुक हिस्सा सिर की सुरक्षा होती है। हेलमेट पहनने से दोपहिया वाहन चालक को रोड़ एक्सीडेंट में मौतों के मामलों में कमी लाई जा सकती है, जिसके मद्देनजर इस अभियान की शुरूआत की गयी है। इस अभियान के तहत लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 266 वाहन चालकों पर 1,34,500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है। विगत एक सप्ताह में शहर के व्यस्तम मार्ग जैसे घड़ी चौक, क्लाडियस क्लीनिक के पास, पाव भाजी दुकान के पास, बुधवारी बजार, हलधर चौक, मधु चौक जयस्तंभ चौक में यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगा कर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर ताला लगाकर कार्यवाही की जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत विगत एक सप्ताह मे नो पर्किंग में खड़े करने वाले 52 वाहनों पर 15,600 रूपये की चालानी कार्यवाही की गयी है, साथ ही लोगों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में वाहनों की पार्किंग करने नो पर्किंग में वाहन खड़ी नहीं करने की समझाईश भी दिया जा रहा है। विगत तीन माह में शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 187 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां शराबी वाहन चालकों पर 19,80,500 का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। ज्ञात हो कि शराब सेवन कर वाहन चलाने पर प्रथम अपराध में 10,000 रूपये जुर्माना एवं 06 माह की कारावास एवं द्वितीय अपराध पर 15,000 रूपये जुर्माना एवं 02 साल तक की सजा का प्रावधान है।







बालोद पुलिस ने आम नागरिकों एवं वाहन चलाकों से अपील करते हुए कहा है कि शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाएं, घर से निकलते समय हमेशा हेलमेट पहनकर निकले, अपने वाहनों की पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही करें, अनावश्यक रूप से सड़क किनारे कही भी खड़ा न करें। यातायात पुलिस बालोद द्वारा चलाएं जा रहे हेलमेट संकल्प अभियान का हिस्सा बने हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।

---

**अब हर घर की होगी गिनती-पानी, बिजली, शौचालय से लेकर वाहन तक का पूरा ब्यौरा जुटेगा**

## आवास सूचीकरण के लिए जनगणना शुरू घर-घर पहुंचकर जुटाई जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर में जनगणना के तहत आवास सूचीकरण और परिवारों की विस्तृत गणना का तेजी से कार्य शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया में हर घर की बुनियादी सुविधाओं—पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई ईंधन और वाहन जैसी जानकारियों का संकलन किया जाएगा। इससे शहर की वास्तविक जरूरतों और विकास की दिशा तय करने में मदद मिलेगी।

तहसीलदार देवेंद्र नेताम के अनुसार, सर्वे के दौरान घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों की संख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दर्ज की जाएगी। इस बार डिजिटल माध्यम को प्राथमिकता दी गई है, जिससे मोबाइल एप के जरिए डेटा सीधे पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और त्रुटियों की संभावना कम होगी।

नगर क्षेत्र में तैनात गणनाकर्मी अलग-अलग वार्डों में जाकर सर्वे कार्य को अंजाम दे रहे हैं। कई स्थानों पर लोगों को पहले से जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की जा रही है, ताकि



प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि शहर के भविष्य की योजना तैयार करने की आधार शिला है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया कि सर्वे के आंकड़ों के आधार पर पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, आवास और सड़क जैसी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा। खासकर उन क्षेत्रों की पहचान आसान होगी जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी है और तत्काल सुधार की जरूरत है। स्थानीय नागरिकों दीपक कुमार,,आकाश जैन, संदीप कुमार ने भी इस पहल का स्वागत किया है। वार्ड के एक निवासी ने कहा कि अगर सही तरीके से जानकारी ली जाए और उस पर काम हो, तो शहर की कई पुरानी समस्याओं का समाधान संभव है। वहीं एक महिला समूह की सदस्य लक्ष्मी, पूजा, अनिता का कहना है कि शौचालय, पानी और गैस जैसी सुविधाओं की सही स्थिति सामने आने से योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच पाएगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी का अवसर है। सटीक जानकारी देने से ही शहर के विकास की मजबूत नींव रखी जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे गणनाकर्मियों को सही जानकारी देकर सहयोग करें।

दल्लीराजहरा में शुरू हुआ यह अभियान आने वाले समय में शहर की तस्वीर बदलने का आधार बन सकता है। सही आंकड़े और योजनाबद्ध कार्यवाही से न केवल बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि विकास की रफ्तार भी तेज होगी, जिससे आम लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

---

## नपं गुण्डरदेही के राजस्व पखवाड़ा शिविर में 78 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

नगर पंचायत गुण्डरदेही कार्यालय में राजस्व पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगरवासियों की राजस्व संबंधी समस्याओं को सुना गया और उनका त्वरित निराकरण किया गया। शिविर के दौरान कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 78 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को राहत दी गई। शेष 4 आवेदनों के जल्द निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया है।

शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के उन हितग्राहियों की मदद करना था



जिनका आवास अब तक नहीं बन पाया है। आरआई और पटवारी द्वारा ऐसे हितग्राहियों का नजरी नक्शा तैयार किया गया, ताकि उनके आवास निर्माण की प्रक्रिया में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि हमारा प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। राजस्व पखवाड़े के माध्यम से एक ही छत के नीचे पटवारी, आरआई. और आवास विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध कराया है ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। विशेषकर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के लिए नजरी नक्शा बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया गया है, ताकि जल्द ही उनका अपने पक्के घर का सपना पूरा हो सके।

इस अवसर पर पार्षद सलीम खान, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार, प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

---

**छात्रहित में एनएसयूआई की भूमिका पर हुई चर्चा**

## एनएसयूआई के 55वें स्थापना दिवस पर राजीव भवन में विचार संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के राजीव भवन में विचार–संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसयूआई का ध्वजारोहण किया गया।

विचार–संगोष्ठी में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने बताया कि 9 अप्रैल 1971 को स्व इंदिरा गांधी द्वारा केरल एवं पश्चिम बंगाल के राज्य छात्र परिषद को एक कर राष्ट्रीय स्तर पर यह संगठन बनाकर कांग्रेस के फ्रंटल आर्गेनाइजेशन का दर्जा दिया गया। आज एनएसयूआई द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में छात्रहित उल्लेखनीय



कार्य किये गए हैं। एनएसयूआई में कार्य करके आज बहुत सारे पदाधिकारी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे हैं।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद विकास चोपड़ा ने कहा कि आपको एनएसयूआई के संगठन से जुड़कर कांग्रेस पाटएँ के विचारधारा को भी आत्मसात करना है। एनएसयूआई कांग्रेस पाटएँ की नींव है और आप सब नींव के पत्थर, इसलिए संगठन में कार्य करते रहिये, पाटएँ आपका मूल्यांकन कर आगे बड़े अवसर के लिए स्वयं चयन कर लेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बालोद शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, गुण्डरदेही ब्लॉक अध्यक्ष कचरु साहू, जिला कांग्रेस महामंत्री भोजराज साहू, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष साजन पटेल, जिला महासचिव आदित्य दुबे, कार्यक्रम के संयोजक एवं गुण्डरदेही विधानसभा अध्यक्ष उस्मान रजा, कुलेश्वर तिवारी, अभिषेक, दुर्गेश, नमन, रूपेश, गगन, जतिन ठाकुर, समीर, अमन, हेमंत, रवि साहू सहित भारी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## पेज 9 का शेष

### विधायक संगीता के...

की अध्यक्ष आशा साहू, धनेली सेक्टर की आपूर्तिकर्ता समूह की अध्यक्ष ममता निशाद व अन्य ने बताया कि वे लगातार विभाग का चक्कर लगा रहे थे। कई नेताओ से मिल चुके थे, लेकिन राशि नही मिल रही थी। हमने विधायक संगीता सिन्हा से अपनी समस्या बताई। संगीता सिन्हा के प्रयास के बाद उन्हे बकाया कुल 35 लाख रूपयो का भुगतान प्राप्त हुआ है।

### उर्वरक विक्रय केंद्रों में ...

पाए जाने पर संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरूध्द उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कठोर एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### नीर चेतना अभियान ...

दौरान ग्रामीणों ने जल बचाओ संदेश के साथ मानव श्रृंखला बनाकर सामूहिक प्रतिबद्धता दिखाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार के अभियान ग्रामीणों की भागीदारी से ही सफल होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में निरंतर योगदान दें। इस अवसर पर जनपद सीईओ के साथ जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारी अति. सीईओ आरएल. सिरमौर, अति. सीईओ एनके.बागडे, मनरेगा एपीओ ओपी साहू, जिला समन्वयक प्रभात साहू, एपीओ बिहान नितेश कुमार, एसबीएम अधिकारी प्रवीण कुमार, मनरेगा अधिकारी योगेश देंवागन, सरपंच पूजा ठाकुर, संबंधित तकनीकी सहायक और सचिव, ग्राम रोजगार सहायक व ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस ...

इसके अतिरिक्त ग्राम दानिटोला में छात्रें द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को विज्ञान पर विश्वास रखने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। रैली के दौरान छात्रें ने आकर्षक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रें ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज में प्राचार्य डेनिएल दीपक मसीह एवं शिक्षकों ने छात्रें के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ छात्रें के व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास में भी सहायक होते हैं।

### दो पक्षों में गाली-गलौज ...

सांगडे 51 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मैं अपने निर्माणाधीन मकान के छत में पानी तराई कर रहा था, तभी पडोसी शिव कुमार विश्वकर्मा और उसकी पत्नी दुलौरिन विश्वकर्मा हमारे घर तरफ पानी क्यों गिरा रहे हो कहकर गाली गलौज देने लगे, तब मैं दोनो को गाली गलौज देने से मना किया तो शिव कुमार विश्वकर्मा और उसकी पत्नि दुलौरिन विश्वकर्मा बोले तुम जान बुझकर मेरे तरफ पानी गिराते हो कहकर मेरे साथ दोनो हाथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे दांये हाथ की कलाई में चोट खरोंच आया है, मेरी पत्नी दुलौरिन बाई सांगडे और मेरी मां उर्मिला सांगडे बीच बचाव करने आये तो शिव कुमार विश्वकर्मा और उसकी पत्नी दुलौरिन विश्वकर्मा उनको भी गालियां दिये है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ऑपरेशन मुस्कान ...

रेवती वर्मा सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं साइबर सेल प्रभारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम बोदल में भाजपा का स्वच्छता अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा मण्डल गुंडरदेही अंतर्गत ग्राम बोदल बूथ क्रमांक 268 में कलामंच प्रांगण एवं गलियों में स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात ग्राम के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं लाभार्थियों से संपर्क कर उनका हालचाल जाना गया। साथ ही विष्णु देव साय जी के सुशासन में संचालित महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों से भी भेंट कर उनसे संवाद किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पाटएँ की विचारधारा, सिद्धांतों एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, भाजपा जिला बालोद मोपेन्द्र साहू, कार्यक्रम प्रभारी शिवप्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र साहू, बीएलए –2 रोहित गंजीर, मुकेश साहू, टामन लाल, जानकी यादव, राम खिलावन यादव, सरिता, लक्ष्मी साहू, कमल, दिनेश,कैलास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, सहभागिता एवं संगठनात्मक एकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### ग्राम चारवाही में 11 से 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**बालोद।** गायत्री प्रज्ञा महिला मण्डल एवं ग्रामवासी के द्वारा 5 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक ग्राम चारवाही में किया गया है। जिसमे कथावाचक हेमंत ब्यास होंगे। जिसमे प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंगल कलश यात्र, संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे देव पूजन एवं प्रज्ञा पुराण कथा, विराट दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। तृतीय दिवस 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, प्रज्ञा पुराण कथा एवं ऋशि पुत्रे की बिदाई की जाएगी। कार्यक्रम में सभी प्रकार के संस्कार पूर्णतः निःशुल्क कराए जाएंगे।

### तीन माह तक लगेगा राजस्व पखवाड़ा शिविर

**बालोद।** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नूतन कुमार कंवर द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य शासन के निर्देशानुसार अनुभाग में सभी ग्राम पंचायतों में लगातार तीन माह तक राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासी इस शिविर में नामांतरण, खाता विभाजन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार आदि संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन के अविवादित अथवा विवादित होने पर यथास्थिति नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, मई माह में 04 मई से 18 मई एवं जून माह में 01 जून से 15 जून की अवधि में सभी ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की सूचना मुनादी के माध्यम से संबंधित पंचायत क्षेत्र में दी जाएगी।

## आयोजन : परमात्मा शिव और ज्योतिर्बिंदु स्वरूप: बीके. सरिता दीदी

# आमापारा बालोद में शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला का पंचम दिवस दीप प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आमापारा बालोद द्वारा आयोजित शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला के पंचम दिवस का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसमें ब्रजेश पाण्डेय, रूपचंद जैन, प्रकाश उपाध्याय, बोधन भट्ट, उदय राम साहू उत्तम साहू, युगल विश्वकर्मा, ब्रह्माकुमारीज मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी, बी.के. सरिता दीदी जी, बी.के. सीमा दीदी जी बी.के. राजू भाई उपस्थित रहे।

■ विचारों का प्रभाव और शुद्ध विचारों की महत्ता

बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा जो हम सोचते है, विचार करते है, उसका प्रभाव हमारे शरीर के एक–एक अंग की कोशिकाओं पर पड़ता है, हमारे विचार का प्रभाव हमारे संबंधो पर पड़ता है, हम जहां हो शुध्द विचार करना प्रारंभ कर दे, वह स्थान पावन बन जाता है। अगर शुभ विचार करेंगे तो आपका घर मंदिर बन जाएगा और अगर हम अशुध्द विचार करते है तो वो पूरे वातावरण को दूषित कर देता है, सबसे बड़ी बात है विचारो को शुध्द करना है सबके प्रति शुभभावना, शुभकामना रखना है। उन्होंने कहा कि राजयोग के द्वारा हम अपने विचारों को शुध्द बना सकते है। यहां राजयोग शिविर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक प्रातः 7 बजे 8 बजे एवं शाम



7 बजे से 8 बजे तक रखा है जिसका लाभ आप अवश्य ले। बीके. सरिता दीदी ने कहा कि यहां स्वयं भगवान का परिचय दिया गया है कि स्वयं भगवान इस धरा पर आकर कौन सा कार्य करते है, शिव पिता के साथ हम कनेक्शन कैसे जोड़े और साथ–साथ सुख, शांति की अनुभूति हम कैसे करे, परमात्मा शिव की प्रतिमा आप जगह–जगह देखते है, 12 ज्योतिर्लिंगम में भले नाम अलग–अलग है, लेकिन रूप एक ही है, वह है ज्योतिर्बिंदु स्वरूप। परमात्मा कहने के लिए पांच बाते है जिसको भगवान, ईश्वर या अल्लाह कहते है, उसके लिए पांच कसौटियां है। वो अजन्मा हो, सर्वगुणों का सागर है, सर्वज्ञ है, सर्वोच्च है, सर्वधर्म मान्य है।

बी.के राजू भाई ने कहा 30 साल पहले ज्ञान का बीजारोपण पड़ा बालोद की धरती पर और आज सेवाओं को देखने से वटवृक्ष जैसा विस्तार हो गया है, यह कार्य परमात्म कार्य है, स्वयं सर्वशक्तिवान परमात्मा साधारण मानव तन का आधार लेकर नई दुनिया की स्थापना का कार्य कर रहे है।



# ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी का प्रथम श्रध्दांजलि कार्यक्रम किया गया। ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी, बीके. सरिता दीदी साथ में सभी ब्रह्माकुमारी दीदीयों व संस्था के भाई बहनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर दादी जी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई।

इस दौरान बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि दादी जी का जीवन समस्त विश्व में नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्त्रेत थी, दादी जी मात्र 12 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा और आध्यात्मिक साधना के लिए समर्पित कर दिया। उनके नेतृत्व में संस्था ने कई उल्लेखनीय कार्य किए, जिनमें वर्ष 1985 की भारत एकता युवा यात्र विशेष रूप से स्मरणीय रही। उन्होंने 70 हजार किलोमीटर से अधिक पदयात्रा कर नारी सशक्तिकरण, युवाओं में जागरूकता और मूल्य आधारित जीवनशैली के प्रसार का कार्य किया। दादी ने सदा आध्यात्मिक ज्ञान रत्नों से आत्माओं को सुसज्जित किया और उन्हें दिव्यता एवं सुसंस्कारों से भरपूर बनाया। टीचर्स ट्रेनिंग की मुख्य संचालिका के रूप में हजारों ब्रह्माकुमारी बहनों को शिक्षिका के रूप में तैयार किया। जो आज यज्ञ की अनमोल धरोहर बनकर विश्वभर में सेवाएं दे रही है। साथ ही विदेश सेवा की शुरूआत में भी आप निमित्त बनीं, जिससे परमात्म ज्ञान की किरणें सात समंदर पार तक पहुंची।

दादी जी राजयोग एजुकेशन और रिसर्च फाउंडेशन के युवा प्रभाग ककी अध्यक्ष थी। दादी रतन मोहिनी जी ने लाखों ब्रह्माकुमारी बहनों में चेतना की ज्योति जगाई और उनके जीवन को दिव्यता से संवारा। दादी जी की उम्र 101 साल की थी। उन्होंने 8 अप्रैल 2025 को अपना शरीर का त्याग किया। दीदी ने कहा कि दादी जी ने जो कर्तव्य किए है उसे अपने जीवन में उतारे और उनकी दी गई शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करें, वही उनके लिए सच्ची श्रध्दांजलि होगी।

# विश्व नवकार दिवस पर बालोद में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप, आठ सौ से अधिक लोगों ने लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में विश्व के 120 देशों में आयोजित 9 अप्रैल विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में आज बालोद के स्थानीय महावीर भवन में आयोजित नवकार महामंत्र जाप में लगभग 800 से अधिक जैन समाज के अलावा अन्य सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संगठनों के लोगो ने भी भाग लिया। सभी लोगों ने सामूहिक रूप से बैठकर नवकार महामंत्र का जाप किया।

■ स्कूलों में भी हुआ नवकार जाप

नवकार महामंत्र की महत्ता का भी वाचन किया गया। नवकार जाप का आयोजन बालोद के महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं अरिहंत एकेडमी में स्कूली छात्र छात्रएं एवं शिक्षकों ने भी किया। नवकार जाप के इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, प्रतिभा चौधरी, कमलेश सोनी, गोकुल आहूजा, भरत गांधी, श्रवण टावरी, मुन्ना तापड़िया, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी परिवार से भोपसिंह साहू, श्रवण साहू, रोहिणी साहू, पार्षद शेखर यादव, ईश्वर साहू राकेश श्रीवास, जैन श्री संघ के वरिष्ठ खेतमल श्रीश्रीमाल, गुलाबचंद नाहटा, डॉ प्रदीप जैन, गुलाबचंद चोपड़ा, संतोषचंद पारख, अध्यक्ष ताराचंद सांखला, सचिव मांगीलाल ढेल्डिया, हरीश सांखला, मुकेश भंसाली, रूपचंद जैन शामिल हुए।

# भाजपा का गांव चलो, घर चलो अभियान, कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंच दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मण्डल रेंगाडबरी अंतर्गत शक्ति केन्द्र भंवरमरा के बूथ भंवरमरा अरजपुरी में "गांव चलो, घर चलो" अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

■ केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का किया प्रचार-प्रसार

कार्यक्रम राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला संगठन के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से संपर्क कर विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं और इनका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा, पूर्व मण्डल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, मण्डल उपाध्यक्ष डोमार सिंह साहू, मण्डल मंत्री ठोमन टेकाम, युवा मोर्चा मंत्री नोहर भुआर्य एवं भीखम पिस्दा, वरिष्ठ नेता सुरज भान, कार्यकारिणी सदस्य विजय पटेल तथा चुरामन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन धर्मराज साहू व अन्य उपस्थित रहे। पूर्व मण्डल अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी जनहित में कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये योजनाएं आमजन के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं। उन्होंने योजनाओं का लाभ लेने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की बात कही।

# ओबीसी संयोजन समिति का प्रदर्शन 13 को, कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**बालोद/कलंगपुर।** ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के बैनर तले 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे संविधान बचाओ आरक्षण लागू करो विषय पर देश के प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

यह प्रदर्शन ओबीसी समाज की जातीय जनगणना, यूजीसी में सह–आरक्षण लागू करने सहित विभिन्न सामाजिक न्याय के मुद्दों के समर्थन में आयोजित किया जा रहा है। समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने बताया कि ओबीसी समाज लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक असमानताओं का सामना कर रहा है। ऐसे में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का पूर्ण क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से जातिवार जनगणना में पृथक ओबीसी कॉलम, छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने, मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने, न्यायपालिका में प्रतिनिधित्व बढ़ाने, क्रीमी लेयर एवं एनएफएस जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। समिति के जिला प्रभारी सांवत राम साहू ने सभी वर्गों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# ग्राम अंगारी में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण, ग्रामीणों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम अंगारी में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद उपाध्यक्ष तोमन साहू ने विधिवत फीता काटकर आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य सतीश भेंडिया, सरपंच ममता अश्वनी डड़सेना, मंडल अध्यक्ष भाजपा करहीभदर धर्मेंद्र साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विजय सोनखुटिया, उपसरपंच दुलेश्वरी कोडप्पा सहित ग्राम पंचायत के पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से गांव के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं माताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यह भवन पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लोकार्पण के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामवासियों ने इस सुविधा के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत अंगारी एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से उपस्थित अतिथियों का अश्वनी डड़सेना ने आभार व्यक्त किया और ग्राम विकास को लेकर मांगे भी रखी। अतिथियों ने यथासंभव मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान सरपंच पति अश्विनी डड़सेना, पंच जागेश्वर पटेल, गंगाधर साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, मीना बाई, नोमिता पटेल, धनेश्वरी निषाद, बसंती निषाद, हेमीन बाई निषाद, दुलेश्वरी कोडप्पा उपसरपंच, सचिव यज्ञभूषण भारद्वाज, रोजगार सहायक सोहनलाल सिन्हा, गजाधर सिन्हा, संतोष सिन्हा, दुर्योधन साहू, मनोज साहू सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# कोलिहापुरी में तीन दिनी कबड्डी प्रीमियर लीग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले समीप ग्राम कोलिहापुरी दुर्ग में स्वर्गीय भरत लाल देशमुख स्मृति कीड़ा संस्था के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2026 मै तीन दिवसीय दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 खेल मैदान कोलिहापुरी में किया जा रहा है।

इसमें दुर्ग जिले के तनों विकासखंड धमधा, पाटन व दुर्ग ग्रामीण व शहर के सीनियर महिला/पुरुष वर्ग के कबड्डी लीग मैच का शुभारंभ 8 अप्रैल 2026 शाम 8 बजे खेल मैदान कोलिहापुरी में हुआ और दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग में लगभग 150 खिलाड़ियो के 10 टीमों के मध्य मैच खेला जाना है।



जिसमें 36 फोर्ट फाइटर, कबीर वॉरियर्स,मन देव महाबली,फ्लोटिंग विंग,तेजस टाइगर,अभी एवेंजर्स खुडवा पैंथर्स, जनपद के जांबाज, रिसाली टाइगर सभी के बीच लीग मैच हुआ आज का प्रथम मैच मनदेव के महाबली 26 से खुड़वा पैंथर्स 29 2 अंक से खुडवा पैंथर्स विजय व दुसरा मैच रिसाली टाइगर 31 अंक व फ्लोटिंग विंग 33 अंक जिसमें फ्लोटिंग विंग 2 अंक से विजय उसी प्रकार महिला वर्ग मैं कबीर वारियर्स व जनपद जांबाज से मैच हुआ।

जिसमे कबीर वारियर्स 18 जनपद जांबाज 16 जिसमें 2 अक से विजय कबीर वारियर्स हुआ कार्यक्रम की अतिथिगण, केशव बंटी हरमुख अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ, आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, ईश्वर प्रसाद साहू सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहापुरी व पूर्व सभापति टिकेश्वरी देशमुख, अशोक रिगरी, हैमंत देशमुख, सुनील देशमुख,ओम ओझा ,रौफिया कुरैशी सोशल मीडिया उप सरपंच समस्त पंचगण व सभी टीमों के आनर उपस्थित रहेंगे इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष नवीन देशमुख व सचिन पीलू पारकर दिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गुरूर और फागुनदाह में आज गौ कथा

**गुरूर।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत आज 10 अप्रैल को ग्राम फागुनदाह एवं गुरूर नगर में गौ कथा का आयोजन किया जाएगा। गुरूर नगर के बाजार चौक में कथा वाचक अनिल तिवारी होंगे। फागुनदाह में गौ कथा वाचक मृत्यंजय शर्मा होंगे। गौ कथा अपराहन 3 बजे से 5 बजे तक होगा। गौ माता को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से पूरे भारत में गौ सम्मान आव्हान अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूर तहसील में भी गौ भक्तो की टोली लगातार सक्रिय है। आगामी 27 अप्रैल को प्रथम चरण का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा जाएगा।

### गौ संरक्षण एवं गौ उत्पाद निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यशाला कल

**बालोद।** छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग जिला व विकासखण्ड



स्तरीय गौ धाम समिति बालोद द्वारा गौ संरक्षण, संवर्धन, गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन 11 अप्रैल को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर आश्रम ग्राम बड़गांव में दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक किया गया है। कार्यशाला मे कृशको व ग्रामीणो को देशी गाय की मानव जीवन मे उपयोगिता, गोबर गोमुत्र का मानव के स्वास्थ के लाभकारी महत्व के संबंध में तथा उसके उत्पाद का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जीवनदीप समिति की बैठक में जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर हुई समीक्षा



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी की उपस्थिति में जीवनदीप समिति कार्यकारणी सभा की बैठक जिला चिकित्सालय में आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल डॉ. आरके. श्रीमाली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिला चिकित्सालय के प्रगति विवरण के सबंध में जानकारी दी गई। बैठक में जिला चिकित्सालय में महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा करने के साथ ही चिकित्सालय में पानी की समस्या के निदान हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालोद को संयुक्त रूप निरीक्षण कर समाधान करने हेतु जानकारी मांगी गई है। बैठक में पवन साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके, कार्यपालन अभियंता पीडब्लूडी, कार्यपालन अभियंता पीएचई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ईई सीएसईबी एवं डॉ. कमलकांत हत्गिया, डॉ. एन.के. साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. कल्याण सिंह एवं अन्य चिकित्सक तथा स्टाफ उपस्थिति थे।

**सक्रियता : बुधवारी बाजार और मटन-मछली मार्केट शिफ्ट करने के निर्देश**

# सुबह 5 बजे कलेक्टर का औचक निरीक्षण, पैदल भ्रमण कर शहर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जब नगर वासी सुबह नींद से जागे भी नही थे कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सुबह 05 बजे जिला मुख्यालय बालोद का भ्रमण कर शहर के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं वरिष्ठ अधिकारी सांथ मे थे। यह पहला अवसर ही है जब कोई कलेक्टर इस प्रकार शहर का नजदीक से देखने निकला हो।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सर्किट हाउस बालोद से घड़ी चौक, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, बुधवारी बाजार, मधु चौक, जय स्तम्भ चौक, कला केंद्र, संजारी क्लब, दूध गंगा, गंगासागर तालाब, नया बस स्टैंड आदि स्थानों का पैदल भ्रमण कर शहर की साफ–सफाई, सड़कों की स्थिति, ड्रेनेज आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन पड़ताल किया। कलेक्टर मिश्रा ने शहर में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था कराने तथा अतिक्रमण हटाने, शहर के विभिन्न स्थानों में लगाए गए गुमटियों को उचित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कार्य को 31 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने घड़ी चौक का अवलोकन कर इसका सौंदयऍकरण एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुराना बस स्टैण्ड, सदर रोड, बुधवारी बाजार में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था नही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शहर में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी दुकानदारों को अपने दुकान के बाहर डस्टबिन रखवाने तथा डस्टबिन नही रखने एवं साफ–सफाई की व्यवस्था नही करने वाले दुकानदारों से अर्थदण्ड की वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व एवं नगर पालिका के अधिकारियों को शहर को सुव्यवस्थित बनाने हेतु राजस्व अभिलेखों के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ मधु चौके एवं अन्य स्थानों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत किए जा रहे नाली निर्माण के कार्य का भी अवलोकन 31 अप्रैल तक गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने शहर के बुधवारी बाजार में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था करने तथा मछली, मटन, चिकन मार्केट को हटाकर उचित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने गंगा सगार तालाब का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को तालाब के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को संजारी क्लब में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने दुध गंगा का निरीक्षण कर साफ–सफाई एवं वहाँ निर्मित खाद्य पदार्थों की रखरखाव की उचित व्यवस्था नही होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। मिश्रा ने एसडीएम नूतन कंवर को तलब कर दूध गंगा को तत्काल सील करने तथा साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था होने तक इसके संचालन पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए।






**नया बस स्टैंड को व्यवस्थित करने के निर्देश**

कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ नया बस स्टैण्ड में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। उन्होंने नया बस स्टैण्ड को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने नगर पालिका के अधिकारियों को नया बस स्टैण्ड के रिक्शा स्टैण्ड में बाहर निकले पाईप को भी तत्काल ठीक करने को कहा। इस दौरान उन्होंने नया बस स्टैण्ड से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के अंतर्गत नाली निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी को नाली निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए।

## सेजेस परीक्षा केंद्र में कक्षा 12वीं इतिहास का मूल्यांकन कार्य संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




सेजेस बालोद परीक्षा केंद्र में कक्षा 12वीं इतिहास का मूल्यांकन कार्य 14 दिवस पश्चात संपन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि प्राचार्य सेजेस अरुण कुमार साहू थे। अन्य अतिथियों में सोमनलाल नागवंशी सर, तथा रामनारायण राणा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉक्टर बीएल. साहसी ने किया। इस अवसर पर मूल्यांकनकर्ताओं की ओर से मनीराम साहू आरएन. राणा, नागवंशी ने कहा कि परीक्षार्थी प्रश्नों का अलग–अलग तरह के उत्तर लिखे होते है, जिसे मूल्यांकनकर्ता अपने हिसाब से मूल्यांकन करते हैं, कोई कम नंबर से उत्तीर्ण होता तो कोई अधिक अंकों से, इसका भी ध्यान रखा जाता है और अंत में क्रास चेकिंग के माध्यम से इसका नतीजा निकाला जाता है।

मुख्य अतिथि अरुण कुमार साहू ने कहा कि आज इतिहास विभाग ने इतिहास रच दिया तथा कम मूल्यांकनकर्ता होने के बावजूद 2700 कापी का मूल्यांकन नियत तिथि तक कर दिखाया। उक्त कार्य को संपादित करने में शिवेंद्र बहादुर, बीएल. सिन्हा, चंपू राम सुधाकर, काशीराम शोरी, कृष्ण कुमार हिरवानी, प्रतीभा सिंह डॉक्टर बीएल. साहसी, अंतर्यामी विशाल, जितेंद्र कुमार धनंजय, मनीराम साहू, केश राम जांगड़े, अशोक कुमार राणा, आर.के. नायक थे। अंत में जितेंद्र कुमार धनंजय के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## देवारभाट में युवतियों के लिए गर्ल्स बॉक्सिंग क्लब का शुभारंभ

**सामाजिक जागरूकता और आत्मरक्षा, बॉक्सिंग से मानसिक और शारीरिक मजबूती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नारी शक्ति को नई पहचान दिलाने और समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट एकेडमी द्वारा बालोद जिले के ग्रामीण अंचल देवारभाट के युवतियो के लिए बॉक्सिंग क्लब का गठन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बालिकाओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एकेडमी के अध्यक्ष एवं बॉक्सिंग कोच किशोर नाथ योगी ने बताया कि यह गेम खिलाड़ी को शरीर के साथ साथ मानसिक रूप से भी मज़बूत बनाता है, इससे आत्मविश्वास बढ़ता है, अब गांव की लड़कियाँ ना केवल बॉक्सिंग सीखेंगे बल्कि शासन द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग भी लेंगे। देवारभाट सरपंच लता कोर्राम ने कहा की गांव से लड़कियो को 10 किलो मीटर दुर एकेडमी जाने में काफ़ी परेशानी होती थी और इस कारण उनके परिवार वाले उन्हें जाने नहीं देते थे, पर अब गांव में ही कोचिंग चलेगा तो और भी लड़कियां सीखने आएगी और अपना भविष्य बनाएगी।

बालोद के सभी ब्लॉक में यह अभियान चलाया जाएगा

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष नंद किशोर साहू ने बताया कि अभी तक बालोद के साथ डौंडी, अर्जुन्दा ब्लॉक में इस तरह का अभियान चलाना है हमारा लक्ष्य पूरे जिले के प्रत्येक ब्लॉक में बॉक्सिंग को संचालीय करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्ष कर रहे भाजपा जिला मंत्री निशा योगी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के सामाजिक परिवेश को देखते हुए हर लड़कियों को अपनी आत्मरक्षा के लिए बॉक्सिंग सीखना जरूरी है ताकि वह अपने साथ अपने साथियों की मदद कर सकें, यह केवल खेल नहीं है, बल्कि जीवन का हिस्सा है। जिससे आप इस दूषित माहौल में सम्मान का जीवन जी सकते हो, उन्होने खिलाड़ियो को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

गर्ल्स बॉक्सिंग क्लब के शुभारंभ के मौक़े पर उप सरपंच राजेश देवांगन, पूर्व शिक्षिका कमला वर्मा, बालोद जिला के वरिष्ठ बॉक्सिंग कोच हिरवानी, जिला प्रभारी कृष्णकांत तिवारी, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, सहसचिव कोमल कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार ठाकुर एवं महिला खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाने का आह्वान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- गौसेवकों ने नपा अध्यक्ष से की मुलाकात

नगर के गौसेवकों ने नगर पालिका अध्यक्षा प्रतिभा चौधरी से मुलाक़ात कर राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के बारे में जानकारी दी और 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाने का निवेदन किया।

नगर पालिका के 50 सदस्य हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए। इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ पेंशन कल्याण संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने भी इस अभियान को अपना सहृदय समर्थन दिया और लगभग 65 सदस्य हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर, अभियान में हजारों की संख्या में हस्ताक्षर कर इस अभियान का समर्थन किया है। गौ सम्मान आह्वान अभियान पूरे भारत वर्ष में चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता के पद पर स्थापित करना है और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाना है। गौसेवकों ने बालोद नगर वासियों से भी ज़्यादा से ज्यादा संख्या में इस अभियान से जुड़कर 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाने का निवेदन किया।

## जामगांव आर में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर सामूहिक जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- महिला सशक्तिकरण और धर्म के मार्ग पर चलना
- वरिष्ठ नागरिक और अतिथियों की उपस्थिति



विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल गुरुवार को भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर जामगांव आर स्थित मणिधारी दादा जिनचंद्र सूरी महाराज की दादाबाड़ी में विश्व कल्याण हेतु समारोह युक्त नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का आयोजन हुआ।

जिसमें जामगांव आर जैन श्री संघ अध्यक्ष चन्द्रकैलाश ममता बैद, कोषाध्यक्ष सुरेश सुशीला जैन, महिला मंडल अध्यक्ष भारती आशीष कोचर, कोषाध्यक्ष सुनीता प्रेमचंद चोरड़िया, नगर की वरिष्ठ लक्ष्मी बैद नागपुर से पधारे काव्या नव्या मोदी, प्रेमचंद चौरडिया, आसकरण गोलछा ने नवकार महामंत्र जाप कर विश्व कल्याण की मंगल भावना भाएं।

दादाबाड़ी में पृथक से सुखासन में बैठकर सीनियर सिटीजन बाल ब्रह्मचारी सेठ लूणकरण बैद ने विश्व कल्याण के लिए लय बद्ध नवकार महामंत्र जाप किया।विदित हो कि सेठश्री प्रतिदिन 19 वे तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर का पट खोलने और बंद करने के लाभ से लाभान्वित होते है। 65 वर्ष उम्र पार कर चुके सेठ श्री ने रात में जल्दी शयन करना और सूर्योदय के पहले जागरण एवं मार्निंग वॉकिंग को स्वस्थ जीवन का राज बताया। जामगांव आर जैन श्री संघ अध्यक्ष चन्द्रकैलाश बैद ने कहा कि नवकार महामंत्र सामूहिक 147 देशों में किया गया। इसी तारतम्य में जामगांव आर में भी जाप सम्पन्न हुआ। नवकार महामंत्र व्यक्ति वाचक नहीं गुण वाचक है। नवकार महामंत्र जाप करते हुए गुणों को आत्म सात करे तो विश्व कल्याण की मंगलकामना फलवती हो सकती है। उन्होंने कहा कि नवकार गुणों की साधना का महामंत्र है जो विश्व को युद्ध नहीं जीवन जीने की बुद्धि देता है। आत्म कल्याण के लिए दूसरों की कल्याण भावना भाता है। मल्लिनाथ महिला मंडल अध्यक्ष भारती आशीष कोचर ने कहा कि नवकार महामंत्र हमें देता हैं आत्मकल्याण का मार्ग हम उस पर चलना तो सीखे। मन नहीं लगता धर्म में तो लड़खड़ाते कदमों से भी चलकर देखे एक दिन ऐसा आयेगा कि कदम संभल जाएगा और आत्म कल्याण की राह निकल आयेगा।

अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय साधु इसी राह से बने। इसी मार्ग में चलकर 24 तीर्थंकरों में से एक मात्र महिला मल्लिकुमारी सारे अचंभावो को दरकिनार कर 19 वे तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ बन गए। कोषाध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा कि प्रतिदिन मंदिर में आधा घंटा आराधना पूजा करके भटकती हुई मन को दिशा दे, पुजारी सारी तैयारी रखते है आप आकर भगवान को नतमस्तक होकर दिनचर्या प्रारंभ करे, एक दिन ऐसा आयेगा कि मंदिर आए बिना मन बेचौन हो उठेगा। और यही से मन की साधना प्रारंभ हो जाएगी जो आत्म कल्याण का द्वार खोलकर भव भव भटकन पर विराम लगाएगी। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र की महिमा स्वयं पर परखे। जब गुण विकसित होने लगेगा तो स्वमेव अवगुणों से मुक्ति मिलने लगेगी।

### सिगरेट मांगने पर जानलेवा हमला

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जहां सिगरेट मांगने जैसी मामूली बात से शुरू हुआ झगड़ा जानलेवा पहुंच गया। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 118(1), 109, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार घटना 7 अप्रैल की है। प्रार्थी मोहम्मद वसी निवासी छावनी कैंप 2 बड़ी मस्जिद के पास अयाज अहमद सिद्दीकी के कैरम सेंटर में बैठा था। इसी दौरान एक युवक ने उससे सिगरेट मांगी, मना करने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**संगठन को मजबूत करने सदस्यता अभियान चलेगा**

## निजी विद्यालय संगठन बैठक में आरटीई प्रवेश सुनिश्चित करने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



संस्कार शाला बालोद में बालोद जिला निजी विद्यालय संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश सोनी ने की, कार्यक्रम का एजेण्डा जिला सचिव ललित सिंह गौर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी निजी विद्यालय संवैधानिक प्रावधानों के तहत आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संगठन द्वारा भविष्य में प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि की मांग को लेकर उचित स्तर पर पहल जारी रखने का भी निर्णय लिया गया। सदस्यों ने यह भी मांग रखी कि आरटीई के तहत प्रवेश संबंधित विद्यालयों में उसी कक्षा से लागू किया जाए, जहां से कक्षाएं प्रारंभ होती हैं। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व ही सभी विद्यालयों को पाठ्य पुस्तकें संकुल या नोडल स्तर से उपलब्ध कराई जाएं। इन मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्य संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इसके तहत प्रत्येक विकासखण्ड के स्कूल संचालकों से संपर्क कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही विभागीय मान्यता प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर आवश्यक पहल करने की बात कही गई। बैठक में प्रमुख रूप से कमलनारायण साव, गेंदलाल सिन्हा, धनंजय मोरे, पूरण साहू, मनोज सिंह, विजय साहू, मनीषा यादव, पुरुषोत्तम साहू, बी.एस. यादव, हीराचंद राखेचा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

